दैनिक जागरण

डॉ. पंकज को बेस्ट केवीके साइंटिस्ट अवार्ड

जागरण संवाददाता, उत्तरकाशी : विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के उत्तरकाशी जिले में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ के प्रभारी अधिकारी डॉ. पंकज नौटियाल को सोसाइटी ऑफ कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से प्रतिष्ठित पुरस्कार बेस्ट केवीके साइंटिस्ट (उद्यान) पुरस्कार दिया गया। डॉ. पंकज नौटियाल को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कृषि एवं औद्यानिकी के क्षेत्र में विशेषकर सेब एवं अमरूद पर किए उनके उल्लेखनीय शोध एवं प्रसार कार्यों के लिए दिया गया। डॉ. पंकज नौटियाल ने अमरूद पर किए गए शोध का पेटेंट भी प्रकाशित किया है।

डॉ. पंकज नौटियाल • जागरण

इससे पहले डॉ. पंकज नौटियाल के सफल नेतृत्व में कृषि विज्ञान केन्द्र चिन्यालीसौड़ को जोनल स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र के पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। डॉ. पंकज नौटियाल अभी तक कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र, शोध सारांश, पुस्तकें एवं मैगजीन प्रकाशित कर चुके हैं। यह पहला मौका नहीं है कि जब उन्हें किसी प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया हो, इससे पूर्व भी उन्हें उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए कई बार राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. पंकज नौटियाल ने बताया कि उन्हें यह सम्मान अपने संस्थान विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान के निदेशक एवं गुरुओं के सफल मार्गदर्शन के कारण ही मिला है। उनके इस सम्मान से नवाजे जाने पर अल्मोड़ा स्थित संस्थान के निदेशक व वैज्ञानिकों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से डॉ. गौरव पपनै, नीरज जोशी, रोहिणी खोब्रागडे, करूण सुप्याल,, ख्याली राम, रीतिका भास्कर एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।